
# मन्नू भीमापुर गया




मन्नू को एक घोड़ा बेचने के लिए तिलगाँव से भीमापुर जाना है। मन्नू अपने घर से चलना शुरू करता है। उसको अपनी दाईं ओर पहाड़ दिखाई देते हैं। आगे चलने पर उसे एक चौराहा (जहाँ चार रास्ते मिलते हों) दिखता है। चौराहे के पास एक छोटा गाँव रायगढ़ बसा है। चौराहे से वह अपनी बाईं ओर चलता है । बाईं ओर आम के पेड़ हैं और दाईं ओर खेत।


आगे चलने पर उसको बाईं ओर बीजापुर गाँव दिखता है। बीजापुर में चम्पालाल रहता है। मन्नू चम्पालाल के घर रात बिताकर सुबह आगे चल देता है। आगे चलने पर उसको दो रास्ते दिखाई देते हैं। वह सोचने लगता है दाएँ जाऊँ या बाएँ? तभी उसे याद आ जाता और वह बाएँ रास्ते पर मुड़ गया। आगे चलकर वह पुल पार करता है। पुल पार करते ही भीमापुर दिखने लगा। भीमापुर पहुँचकर वह बहुत खुश हुआ। वहाँ घास का खूब बड़ा मैदान था। उसका घोड़ा आराम से घास चर सकता है।

*1. मन्नू के तिलगाँव से भीमापुर जाने का रास्ता बनाओ।*

*2. नीचे दिए गए जगहों के नाम नक्शे पर लिखो– बीजापुर, रायगढ़, मैदान, पुल, भीमापुर*

*वापस लौटते समय पहाड़ मन्नू के किस हाथ की ओर होगा?*

# दिशा





उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम – ये हैं चार दिशाएँ।

पूरब दिशा से सूरज उगता है, धीरे–धीरे ऊपर चढ़ता है और फिर पश्चिम दिशा में ढलता है। अगर पूरब की ओर मुँह करें तो पीछे होगा पश्चिम। दाएँ हाथ पर होगा दक्षिण और बाएँ हाथ पर उत्तर।

तुम्हारे स्कूल में जिस ओर से सूरज उगता है यानी पूर्व दिशा, उस तरफ मुँह कर के खड़े हो जाओ।

तुम्हें सामने यानी पूर्व दिशा में क्या–क्या चीज़ें दिख रही हैं? एक सूची बनाओ।





1. *पूर्व की दिशा मुँह करके खड़े हो जाओ*
   - *(क) तुम्हारे बाएँ हाथ पर उत्तर दिशा है? इस दिशा में क्या–क्या है?*
   - *(ख) अब तुम्हारे दाएँ हाथ पर दक्षिण दिशा है? इस दिशा में क्या–क्या है?*
   - *(ग) तुम्हारे पीछे कौन–सी दिशा है?*
   - *(घ) ऊपर के तीरों में भी दिशा भरो।*
2. *अब उत्तर की दिशा मुँह करके खड़े हो जाओ।*
   - *(क) तुम्हारे बाएँ हाथ पर कौन–सी दिशा है? इस दिशा में क्या–क्या है?*
   - *(ख) अब तुम्हारे दाएँ हाथ पर कौन–सी दिशा है? इस दिशा में क्या–क्या है?*
   - *(ग) तुम्हारे पीछे कौन–सी दिशा है?*
3. *(क) तुम्हारे स्कूल की उत्तर दिशा में क्या–क्या है। उनके नाम लिखो।*
   - *(ख तुम्हारे स्कूल की दक्षिण दिशा में क्या–क्या है। उनके नाम लिखो।*
   - *(ग) तुम्हारे स्कूल की पूर्व दिशा में क्या–क्या है। उनके नाम लिखो।*
   - *(घ) तुम्हारे स्कूल की पश्चिम दिशा में क्या–क्या है। उनके नाम लिखो।*

दिनांक

# अपने गाँव/मोहल्ले का वर्णन

यहाँ ललिता और रज्जो ने अपने गाँवों की कुछ चीज़ों के बारे में लिखा है। उसे पढ़ो।

## पानी



हमारे गाँव में पाँच कुएँ हैं और एक तालाब है। लेकिन दो साल से बारिश न होने के कारण तालाब सूख गया। इसलिए गाँव में अब पानी की कमी है।

इस कमी को दूर करने के लिए हैंडपम्प लगाया गया है।

## स्कूल

तुम अपने स्कूल का चित्र बनाओ। उसके आसपास की चीज़ें भी बनाओ, जैसे – पेड़, हैंडपम्प, आदि।

## पुस्तकालय




गाँव के उत्तरी छोर पर एक पुस्तकालय चल रहा है। इसे रहमत और अनिल शाम को 4 से 7 बजे के बीच खोलते हैं। यह पुस्तकालय हाल ही में, लगभग एक महीने पहले खोला गया है। इस पुस्तकालय के बहुत सारे सदस्य बन गए हैं। मैं भी इसका सदस्य हूँ। हम पुस्तकालय में बैठ कर भी किताबें पढ़ते हैं और घर ले जा कर भी।

*तुम भी अपने गाँव या मोहल्ले के बारे में कुछ वर्णन लिखो और चित्र भी बनाओ। इसके लिए कुछ विषय दिए गए हैं–*

*पानी, सड़क, बिजली, स्कूल, बाज़ार, बस स्टैंड, अस्पताल, घर, बाड़े, पेड़, खेत, जंगल, मंदिर, चारागाह, पशु–पक्षी, जलवायु।*


# आज़ाद ने नक्शा बनाया




तुमने अपनी शाला के आसपास दिशा पहचानी। अब देखते कि नक्शे में दिशाएँ कैसे दर्शाई जाती हैं। नक्शे में हमेशा उत्तर ऊपर की ओर होता है, पूर्व दिशा दाएँ तरफ, पश्चिम दिशा बाएँ तरफ और दक्षिण दिशा नीचे की तरफ।

यह नक्शा आज़ाद ने बनाया है। यह उसकी शाला के आसपास का नक्शा है। उसने नक्शे की संकेत सूची भी साथ बनाई है। नक्शे में खेत, बागौड़ आदि दर्शाए गए हैं। उन्हें दिखाने के लिए एक संकेत सूची बनाई गई है। उसे ध्यान से देखो। मंदिर, मस्जिद नक्शे में कैसे दर्शाए गए हैं? कितने पेड़ हैं?

आजाद ने तुम्हारी मदद के लिए दिशा तीर बनाए हैं।



नक्शा और संकेत सूची देखकर इन सवालों के उत्तर दो।

1. (क) हैण्डपम्प आज़ाद की शाला की किस दिशा में हैं?

   (ख) सड़क आज़ाद की शाला की किस दिशा में है? (दोनों सड़कों के बारे में बताओ) रेल लाइन आज़ाद की शाला की किस दिशा में है।

   (ग) नदी शाला के किस ओर है?

   (घ) नक्शे में सब से ऊपर क्या है?

   (च) सड़क के पूर्व दिशा में क्या है?

2. तुम बनाओ–(जो भी बनाते हो यदि उसके संकेत सूची में नहीं हो तो तुरंत जोड़ो)

   (क) आज़ाद की शाला के दक्षिण में एक पेड़ बनाओ (बागौड़ के अंदर)।

   (ख) शाला के उत्तर में (बागौड़ के बाहर) संतू का घर बनाओ।

   (ग) शाला के दक्षिण में पंचायत भवन बनाओ।

   (घ) मंदिर के पश्चिम में एक घर बनाओ।

   (च) बागौड़ में एक और पेड़ बनाओ।

3. अब बताओ –

   (क) रेल लाइन के दक्षिण में क्या–क्या है?

   (ख) खेतों के पश्चिम में क्या–क्या है?

   (ग) शाला के पूर्व में क्या–क्या है?

   (घ) नदी आज़ाद की शाला के दक्षिण में है। पर शाला नदी की कौन–सी दिशा में है।

4. तुम भी अपने स्कूल का नक्शा बनाओ। याद रखना, उत्तर की ओर मुँह करके बैठना, और

   (क) जो–जो सामने हो यानी उत्तर में, उसे ऊपर बनाना।


   (ख) पीछे हो यानी ---------- में, उसे नीचे की तरफ बनाना।

   (ग) जो दाएँ हाथ पर हो यानी ---------- में, उसे ------- हाथ पर बनाना।

   (घ) और जो बाएँ हाथ पर हो यानी -------- में, उसे ------- हाथ पर बनाना।

5. और भी सवाल बनाकर एक दूसरे से पूछो।

# दिशा पहचानो




1. रेलगाड़ी किस दिशा में जा रही है?

2. पहाड़ से सड़क की तरफ नदी बह रही है। वह किस दिशा में बह रही है?

3. गुडगाँव जंगल के किस दिशा में है?


4. बस किस दिशा में जा रही है?

5. तालाब के किस दिशा मे खेत है?


6. गाँव की किस दिशा में नदी है– पूरब या पश्चिम?

7. खेत के दक्षिणी ओर की तीन चीजों के नाम लिखो?

घर के चारों ओर तीर हैं। हर तीर कौन सी दिशा बता रहा है खाली स्थान में लिखो।





नीचे दिए गए चित्र के बीच में एक मैदान है। मैदान में मेला लगा हुआ है। मैदान के चारों तरफ गाँव हैं। चारों गाँव के लोग मेला जाना चाहते हैं।




नीचे कुछ वाक्य लिखे हैं, तुम्हें बताना है कि कौन सा वाक्य सही है और कौन सा गलत। सही वाक्य के सामने ✓ का निशान तथा गलत के सामने ✗ का निशान लगाओ।

1. रामपुर गाँव के लोग मेला देखने के लिए उत्तर दिशा में जाएँगे।
2. नीमगाँव के लोग मेला देखने के लिए उस दिशा में जाएँगे जिस दिशा से सूरज उगता है।
3. बड़गाँव के लोग मेले जाने के लिए पूर्व दिशा में जाएँगे।
4. आमगाँव के लोग मेला देखने के लिए उस दिशा में जाएँगे जिस दिशा में सूरज डूबता है।
5. मेले से वापस आने के लिए नीमगाँव के लोगों को किस दिशा में चलना पड़ेगा?
6. बड़गाँव से नीमगाँव जाना हो तो किस दिशा में चलना पड़ेगा?
7. बड़गाँव से आमगाँव जाना हो तो किस–किस दिशा में चलना पड़ेगा?
8. राजू नीमगाँव से ...... दिशा में चलकर मेले में पहुँचा। फिर वह उत्तर दिशा में गया तो वह किस गाँव में पहुँचेगा?




1. नक्शे में संकेतों को देखो और सवालों के जवाब दो–
   - (क) किस गाँव में दो कुएँ हैं?
   - (ख) कौन–सा गाँव रेल पटरी के पास है?
   - (ग) नदी के ऊपर कितने पुल बने हैं?
   - (घ) कौन–सी फसल है जो तीनों गाँवों में मिलेगी?

2. सही या गलत
   - (क) भुमकाढाना में एक हैण्डपम्प है।
   - (ख) पुष्पनगरी नदी के किनारे पर है।
   - (ग) भुमकाढाना में प्राथमिक शाला है।
   - (घ) भक्तनढाना के पश्चिम की ओर कारखाना है।
   - (च) भुमकाढाना से पुष्पनगरी जाना हो तो पूरब की ओर जाना होगा।

3. बनाओ

पुष्पनगरी में एक प्राथमिक शाला बनाओ।

भूमकाढाना में एक गेहूँ का खेत बनाओ।